आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 03.06.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति की बैठक में भाग लिया। कहा — देश में शहरी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।
- आदि कैलाश—ओम पर्वत यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह। यात्रा शुरू होने के मात्र 33 दिनों में जारी हुए 30 हजार से अधिक इनर लाइन परमिट।
- स्थानीय उद्यमियों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने और निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटद्वार में निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन।
- चम्पावत जिले में खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी विभिन्न जानकारी दी जा रही है।

महापौर परिषद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति की बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने 29 करोड़ 78 लाख रुपए लागत की तीन योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में शहरी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में स्वच्छ भारत मिशन स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शहर सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध होगा, तो भारत विकसित राष्ट्र अवश्य बनेगा।

मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण कर चारधाम यात्रा और पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं से यात्रा का फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बेहतर भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

आदि कैलाश यात्रा

पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं। यात्रा शुरू होने के मात्र 33 दिन के भीतर जारी इनर लाइन परमिट का आंकड़ा 30 हजार को पार कर गया है। जिला प्रशासन के अनुसार पहली से 31 मई तक एक महीने की अवधि में देश के विभिन्न राज्यों से रिकॉर्ड लगभग 28 हजार श्रद्धालुओं ने आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 150 प्रतिशत से अधिक वृद्धि को दर्शाता है। वहीं, राजस्थान से आए श्रद्धालु हेमंत ने शासन—प्रशासन की ओर से की गई यात्रा व्यवस्थाओं की काफी सराहना की।
आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन रही है, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को भी नई गति प्रदान कर सीमांत क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

निर्यात कार्यशाला

पौड़ी जिले में स्थानीय उद्यमियों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने और निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला उद्योग केन्द्र, कोटद्वार में आज एक दिवसीय निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में निर्यात क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं, सुविधाओं और अवसरों की जानकारी दी। कार्यशाला में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण निर्यात हेल्प डेस्क का उद्घाटन रहा। अधिकारियों के अनुसार यह जिले में अपनी तरह की पहली पहल है, जिससे निर्यातकों और निर्यात में रुचि रखने वाले उद्यमियों को आवश्यक मार्गदर्शन व तकनीकी सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी।

खेत बचाओ अभियान

खेत बचाओ अभियान के तहत चम्पावत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यशालाओं का आयोजन कर किसानों को मृदा परीक्षण के साथ ही पारम्परिक व जैविक खेती कृषि से जुड़ी विभिन्न जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में आज चौकुनीबोरा और मारा गांव में शिविर लगाया गया। मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के 42 गांवों का चयन किया गया है, जहां दो टीमों के माध्यम से एक–एक शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती, मृदा परीक्षण आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह में पांच दिन विभिन्न जागरूकता और विकास कार्यक्रम चलाए जाएंगे।
वहीं, चौकुनीबोरा के प्रगतिशील किसान नीरज महर ने बताया कि खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में उन्हें प्राकृतिक और जैविक खेती के लाभ, मृदा परीक्षण, उर्वरक के उपयोग आदि की जानकारी दी गई।

जापानी भाषा कार्यशाला

बागेश्वर जिले के युवाओं को वैश्विक रोजगार के अवसरों से जोड़ने और विदेशी भाषाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेवा योजन विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में जापानी भाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन और वैश्विक रोजगार योजना के तहत आयोजित कार्यशाला में 40 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग किया। प्रतिभागियों को जापानी भाषा के महत्व, जापान में बढ़ती रोजगार संभावनाओं और भाषा प्रशिक्षण से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान समय में विदेशी भाषाओं का ज्ञान युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोल सकता है।
कार्यशाला में शामिल छात्रों ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान भी सफल करियर के लिए आवश्यक हो गया है।